पंचदश बिहार विधान सभा

पंचदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03 मंगलवार, दिनांक 23 दिसम्बर, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.15 बजे पूर्वा० तक ।

[1] अन्य चर्चाएँ :-

दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को सदन पटल पर रखे गये कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन में लिए गए निर्णयों पर नेता प्रतिपक्ष श्री नंदकिशोर यादव द्वारा अपना पक्ष रखा गया ।

सरकार की ओर से माननीय मंत्री संसदीय कार्य श्री श्रवण कुमार एवं माननीय मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा भी इस विषय में पक्ष रखा गया ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।''

आसन द्वारा बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहे और उन्हें जो भी कहना है उसे वे अपनी सीट पर जाकर कहे, आसन अवश्य उनकी बात सुनेगा । परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित हुई ।

स्थगनोपरान्त

12.00 बजे मध्या० से 12.15 बजे अप० तक ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह, श्री प्रेम कुमार एवं श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य के विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार
(ii) श्री कृष्णनन्दन यादव
(iii) श्रीमती पूनम देवी यादव
(iv) श्री राजेश्वर राज
(v) श्री दिनेश कुमार सिंह
(vi) श्री इजहार अहमद
(vii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

4। **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) मा० सदस्या श्रीमती रेणु कुमारी एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्या श्रीमती रेणु कुमारी द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य डा० रणविजय कुमार एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य डा० रणविजय कुमार द्वारा पढ़ा गया ।

आसन से घोषणा की गयी कि इस ध्यानाकर्षण को आसन देखेगा ।

5। **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री वित्त विभाग श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 के द्वितीय तिमाही के प्रति एवं व्यय का रूझान संबंधी प्रतिवेदन की प्रति को सभा पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग श्री नौशाद आलम द्वारा बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम का वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 का वार्षिक प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पंचदश बिहार विधान सभा के विशेषाधिकार समिति का षष्ठ (छठा) प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया तथा इसमें की गयी अनुशंसाओं पर सदन की सहमति हुई ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर शोरगुल वेल में करते रहे ।''

आसन से अनेकों बार उनसे अपनी-अपनी सीट पर जाने एवं शांत रहने का अनुरोध किया गया परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी । सभा की बैठक बुधवार दिनांक 24 दिसम्बर, 2014 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-23.12.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।